गाजीपुर ओपियम फैक्ट्री को अफीम की सप्लाई

*281. **श्री सरजू पाण्डे** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गाजीपुर ओपियम फैक्ट्री को उसकी उत्पाद क्षमता के अनुरूप कच्ची अफीम नहीं दी जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या इस कारखाने के कर्मचारियों को उत्पादन के आधार पर पुरस्कार दिये जाते है ;

(घ) क्या कच्ची अफीम की सप्लाई न मिलने से इस कारखाने के उत्पादन पर बुरा प्रभाव पडा है तथा कर्मचारियों को वर्ष 1973–74 के उत्पादन-पुरस्कार नही दिये गये हैं , और

(ङ) यदि हा, तो इस सम्बन्ध मे सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

वित्त मंत्रालय रमें राज्य मंत्री (श्री प्रणव कुमार मुखर्जी) : (क) और (ख). अफीम उत्पादक क्षेत्रों से प्राप्त होने वाली कच्ची अफीम की कुल मात्रा को ध्यान मे रखते हुए, गाजीपुर अफीम कारखाने को प्रत्येक वर्ष कच्ची अफीम भेजी जाती है ।

(ग) जी हा, इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा निर्धारित कतिपय शर्तों तथा प्रतिमानों की पूर्ति किये जाने पर कारखाने के कर्मचारी अनुग्रहपूर्वक उत्पादन पुरस्कार के हकदार है ।

(घ) और (ङ). वर्ष 1973–74 के दौरान, अफीम उत्पादक क्षेत्रों से प्राप्त कच्ची अफीम की मात्रा, विभिन्न कारणों से, अनुमानित मात्रा से बहुत कम रही । इसलिये कारखाने को कच्ची अफीम की सप्लाई अपेक्षाकृत कम मात्रा में की गई । हो सकता है कि उत्पादन पुरस्कारों की अदायगी के निर्धारित प्रतिमानों की पूर्ति नही किये जाने का यह भी एक कारण हो । सभी आनुषंगिक परिस्थितियों की सविस्तार जाच की जा रही है ।

Sick Tea Gardens of Eastern India

2559. SHRI BHAGIRATH BHANWAR: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether the Tea Trading Corporation of India proposes to take over the sick tea gardens of the Eastern India; and

(b) if so, when and how many and the estimated amount involved thereon?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH): (a) and (b). The Tea Trading Corporation has permissive provisions in its articles of association and can be considered as one of the agencies to whom the management of sick gardens can be entrusted, if and when legislative provisions are made therefor.

राज्य व्यापार निगम द्वारा बेची गई गाड़ियां

2560. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1975 में राज्य व्यापार निगम द्वारा कितनी गाडियां बेची गयीं ;

(ख) अधिकतम मूल्य पर बेची गयी गाडी का नाम (मेक) क्या है और यह गाड़ी किस पार्टी को बेची गई थी ; और

(ग) गाड़ियों की बिक्री के कारण वर्ष 1974 में निगम को कितनी राशि का लाभ हुआ ?